

हार्दिक को डोमेस्टिक क्रिकेट में प्रदर्शन करना होगा

श्रीलंका के खिलाफ टी–20 और टेस्ट सीरीज के लिए टीम के ऐलान के वक्त जब इस बारे में चीफ सिलेक्टर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हार्दिक को डोमेस्टिक क्रिकेट में प्रदर्शन करना होगा। इसके बाद ही उन्हें इंटरनेशल टीम में लिया जाएगा। हार्दिक इस आईपीएल सीरीज नई टीम गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते दिखाई देंगे। उन्हें मुंबई इंडियंस ने रिटेन नहीं किया था, जबकि गुजरात ने इस ऑलराउंडर को 15 करोड़ में टीम से जोड़ा था। वह टीम के कप्तानी करते दिख सकते हैं।

## हार्दिक ने तस्वीर शेयर कर यूं लुटाया बेटे पर प्यार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का कारों के प्रति प्यार किसी से नहीं छिपा है। वह अपने पूर्व साथी एमएस धोनी की तरह लग्जरी कारों के शौकीन माने जाते हैं। उन्हें कारों के प्रति कुछ ऐसा ही प्यार अपने बेटे में भी देखने को मिला है। उन्होंने बेटे अगस्त्य की टॉय कार दौड़ाते हुए तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। उन्होंने लिखा– कारों के लिए खास प्यार जारी है...। तस्वीर में वह खुद भी दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वह फिलहाल फिटनेस वजहों इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं और फैमिली के साथ क्वॉलिटी टाइम बिता रहे हैं। अक्सर वह बेटे अगस्त्य की तस्वीरें और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते रहते हैं। टी–20 वर्ल्ड कप में हार्दिक पंड्या को इस विश्वास के साथ टीम में चुना गया था कि वह बॉलिंग करेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। वह न केवल बॉल, बल्कि बल्ले से भी कमाल करने में असफल रहे थे। इसके बाद उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा और फिर न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना गया।

# विराट अपने जीवन का महत्वपूर्ण मैच बिना फैंस की मौजूदगी में खेलेंगे

**क्रिकेट**

### श्रीलंका से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा जिसका पहला मैच 4 मार्च से मोहाली में होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत 3 मैचों की टी20 सीरीज के बाद श्रीलंका से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा जिसका पहला मैच 4 मार्च से मोहाली में होगा। ये मैच भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली के लिए खास है क्योंकि ये उनके करियर का 100वां टेस्ट मैच होगा। हालांकि इस टेस्ट के बारे में नई जानकारी ये मिली है कि मैच कोविड प्रोटोकाल को देखते हुए दर्शकों के बिना खेला जाएगा। इसका मतलब साफ है कि विराट कोहली अपने जीवन का ये महत्वपूर्ण मैच बिना अपने फैंस की मौजूदगी में खेलेंगे।

उपरोक्त जानकारी एएनआई से बात करते हुए पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन की सीईओ दीपक शर्मा ने दी। कोहली अपना 100वां मैच रोहित शर्मा के नेतृत्व में खेलेंगे। रोहित शर्मा पहली बार टेस्ट की कप्तानी करते नजर आएंगे। रोहित को 19 फरवरी को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई थी। रोहित भारतीय टीम के 35वें टेस्ट कप्तान होंगे। रोहित ने व्हाइट बाल में अपनी कप्तानी से सबको प्रभावित किया है। उम्मीद है उनका यह कारनामा टेस्ट मैच में भी जारी रहेगा।



रोहित शर्मा पहली बार टेस्ट की कप्तानी करते आएंगे नजर

विराट कोहली के टेस्ट मैच में आंकड़ों की बात करें तो कोहली ने अब तक 99 टेस्ट मैचों में 50.39 की औसत से 7,962 रन बनाए हैं जिसमें 27 शतक शामिल है। 100वां टेस्ट किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण होता है ऐसे में कोहली इस टेस्ट में अपनी पारी को यादगार बनाना चाहेंगे। इसके अलावा कोहली के पास इस मैच में 8,000 टेस्ट रन पूरा करने का भी मौका होगा।

सीरीज का दूसरा मैच बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 12 मार्च से खेला जाएगा। ये मैच डे–नाइट होगा। हालांकि फैंस के लिए अच्छी खबर ये है कि इस मैच में 50 प्रतिशत दर्शकों की एंट्री हो सकेगी।

# आईपीएल में नहीं मिला खरीददार पाकिस्तान में मचाया हाहाकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। इंडियन प्रीमियर लीग के 2022 मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे डेविड वीस ने पाकिस्तान में हाहाकार मचा रखा है। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग के एलिमिनेटर–2 में लाहौर कलंदर की ओर से खेलते हुए इस्लामाबाद यूनाईटेड को हार के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने बैटिंग के दौरान आखिरी ओवर में 3 छक्के और एक चौका उड़ाया। इसके बाद बॉलिंग करते हुए आखिरी ओवर में अपनी टीम को रोमांचक जीत भी दिलाई।

इस तरह लाहौर कलंदर्स ने रोमांचक मुकाबले में इस्लामाबाद यूनाईटेड को छह रन से हराकर पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल में जगह बनाई। रविवार को



फाइनल में लाहौर कलंदर्स का सामना गत चैंपियन मुल्तान सुल्तांस से होगा। लाहौर की टीम इससे पहले 2020 में भी फाइनल में पहुंची थी लेकिन तब टीम को उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा था।

दो बार के चैंपियन इस्लामाबाद यूनाईटेड को अंतिम पांच ओवर में सिर्फ 39 रन की जरूरत थी जबकि उसके पांच विकेट शेष थे। टीम ने हालांकि एक रन पर तीन विकेट गंवा दिए जिससे पूरी टीम 19.4 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। इससे पहले डेविड वीस के आठ गेंद में 28 रन की बदौलत लाहौर की टीम ने सात विकेट पर 168 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। वीस ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वकास मकसूद के पारी के अंतिम ओवर में तीन छक्के और एक चौके से 27 रन जुटाए।

वीस ने इसके बाद इस्लामाबाद की पारी के अंतिम ओवर में सिर्फ एक रन खर्च करके लाहौर कलंदर्स को जीत दिलाई। नौवें नंबर के बल्लेबाज मोहम्मद वसीम ने वीस की पहली दो गेंद पर एक रन लेने से इनकार किया और फिर अगली गेंद पर दो रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। अंतिम बल्लेबाज मकसूद ने इसके बाद डीप मिडविकेट पर कैच थमा दिया।

## गेंदबाजों के दम पर साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को बैकफुट पर धकेला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। निचले क्रम की उम्दा बल्लेबाजी के बाद कागिसो रबादा की धारदार गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 157 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। पहले मैच में करारी शिकस्त झेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले केशव महाराज (36) और मार्को जेनसन (37) के बीच नौवें विकेट की 62 रन की साझेदारी की बदौलत पहली पारी में 364 रन बनाए।

न्यूजीलैंड की ओर से कोलिन डि ग्रैंडहोम ने सिर्फ 36 गेंद में अर्धशतक जड़ा और फिर काफी धीमी बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद 54 रन बनाए। दूसरे छोर पर डेरिल मिशेल 29 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर चुके हैं। न्यूजीलैंड की टीम अब भी दक्षिण अफ्रीका से 207 (वनजी ।तिपब) रन से पीछे है जबकि उसके पांच विकेट शेष हैं। दूसरे दिन पहला और आखिरी घंटा छोड़कर बाकी दिन दक्षिण अफ्रीका का दबदबा रहा।

## न्यूज डायरी



### मिताली ने इस खिलाड़ी को बताया आगामी वर्ल्ड कप में टीम का उपकप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की कप्तान मिताली राज ने शनिवार को इस बात की पुष्टि कर दी है कि आगामी वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप में हरमनप्रीत कौर टीम में उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज के आखिरी दो मैचों में उपकप्तान की जिम्मेदारी दीप्ति शर्मा को दी गई थी। हरमनप्रीत कौर चौथे वनडे मैच में उपलब्ध नहीं थी लेकिन 5वें वनडे में वापसी करने के बाद भी उन्हें उपकप्तानी की जिम्मेदारी नहीं दी गई और दीप्ति उप–कप्तान बनी रहीं। हालांकि अब इसको लेकर स्थिति साफ हो गई है। टीम की कप्तान मिताली ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ष्दीप्ति को पिछले दो वनडे के लिए उप–कप्तान के रूप में चुना जाना चयनकर्ताओं और बीसीसीआई की पसंद थी। हरमनप्रीत विश्व कप के लिए उप–कप्तान हैं। आपको बता दें कि भारतीय महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 4 मार्च से 3 अप्रैल के बीच न्यूजीलैंड में खेला जाएगा। हालांकि भारतीय महिला टीम अपने अभियान की शुरुआत 6 मार्च को पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी।

### टी20 सीरीज से बाहर हुआ ये बल्लेबाज, मयंक अग्रवाल को मिला मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दूसरे टी20 से पहले भारतीय टीम को रितुराज गायकवाड़ के रुप में एक झटका लगा है और वो चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। टीम में उनकी जगह मयंक अग्रवाल को शामिल कर लिया गया है जो धर्मशाला पहुंच गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में भारत फिलहाल 1–0 से आगे है। भारतीय टीम प्रबंधन ने गायकवाड़ पर लखनऊ में पहले मैच से पहले एक प्रेस रिलीज जारी की थी जिसमें रितुराज के बारे में जानकारी दी गई थी। रितुराज अपनी दाहिनी कलाई में दर्द के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाए थे। भारतीय टीम की प्रवक्ता की तरफ से एक बयान जारी कर कहा गया है कि फिलहाल बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी जांच कर रही है। रितुराज की जगह लेने मयंक अग्रवाल बेहद शार्ट नोटिस पर धर्मशाला पहुंच गए हैं।

### बेटी को खोने के बाद भी नहीं टूटा ये क्रिकेटर और जड़ दिया शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली।। किसी भी क्रिकेटर के लिए क्रिकेट उनके जीवन में क्या मायने रखता है ये समझना शायद आम लोगों के बस की बात नहीं है। लेकिन आए दिन ऐसी घटना होती है जिससे किसी खिलाड़ी के लिए उसके जीवन में खेल का क्या महत्व है पता चलता है। ऐसी ही घटना बडौदा के रणजी खिलाड़ी विष्णु सोलंकी के साथ हुई जिन्होंने हाल ही में अपनी बेटी को खोया और बावजूद इसके अपनी टीम के लिए मैदान में उतरे लेकिन विष्णु सोलंकी ने चंडीगढ़ के खिलाफ शानदार शतकीय पारी खेल कर बता दिया कि मुश्किल परिस्थितियों में भी वो क्रिकेट के प्रति समर्पित हैं। उनके इस शतकीय पारी के दम पर चंडीगढ़ की टीम ने तीसरे दिन खबर लिखे जाने तक 500 से ज्यादा रन बना लिए हैं। 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सोलंकी ने अपनी टीम को दूसरे दिन ही मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। सोलंकी ने 165 गेंदों पर 104 रन की पारी खेली थी जिसमें 12 चौके शामिल थे।

### जब महिला खिलाड़ी ने व्लादिमीर पुतिन को पटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घुड़सवारी, बैडमिंटन, फुटबॉल, डाइविंग, हॉकी हो या बॉक्सिंग.. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इन सभी खेल को खेलना पसंद करते हैं। हालांकि, उनका सबसे पसंदीदा खेल जूडा है। इस खेल में वह ब्लैकबेल्ट भी हैं। वह अक्सर खेल के मैदान में वह हिस्सा लेते दिखाई देते हैं और यही वजह है कि 69 की उम्र में भी उनकी फिटनेस कमाल की है। फिलहाल पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमले को लेकर सुर्खियों में छाए पुतिन के लंबे राष्ट्रपति शासन पर नजर डालेंगे तो पाएंगे कि वह कूटनीति और राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं और हमेशा जीत पसंद करते हैं।